# माँ की आराधना आज से, नौ दिन मंदिरों में रहेगी धूम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** आज गुरुवार से घर-घर में घट स्थापना के साथ माँ शक्ति की आराधना शुरू हो गई है । नौ दिनों तक चलने वाले आराधना के इस पर्व में नवमी तक

### सज गईं दुकानें, बिक रहे फल और व्रत का सामान

घरों और मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा और प्रतिदिन हवन होंगे। भक्तों ने पहले से ही अपनी-अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं कई भक्त मंदिरों में जलाई गईअखंड जोत के दर्शन कर



आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस समय वैष्णोदेवी की ओर जाने वाली ट्रेनों में नो रूम की स्थिति है। इस साल चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ 19 मार्च गुरुवार से हुआ है लेकिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 20 मार्च शुक्रवार को प्रातःकाल तक है। पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ होता है। उस दिन मां दुर्गा भगवान कार्तिकेय, गणेश जी और शिव गणों के साथ धरती पर आती हैं। कलश स्थापना के साथ उनकी पूजा करते हैं। 9 दिनों तक व्रत और पूजा के बाद महानवमी को उनकी विदाई होती है। वे अपने वाहन पर सवार होकर कैलाश प्रस्थान कर जाती हैं।

### माता के मंदिर सजधज कर तैयार

कई भक्त माता की आराधना अंचल में स्थित मंदिरों में माता के दर्शन करेंगे। नवरात्रि में सबसे ज्यादा भीड़ दतिया स्थित मां पीतांबरा माई, रतनगढ़ वाली माता, सातऊं गांव स्थित शीतला माता मंदिर में दर्शनों के लिए जाती है। वहीं शहर में स्थित मांढरे की माता, नहर वाली माता, भेलसे वाली माता, करौली माता, वैष्णोदेवी माता मंदिरों पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नवमी पर भक्त माता की विदाई करेंगे। नवदुर्गा को लेकर मंदिरों पर मेले लगाए जा रहे हैं। वहीं सप्तमी से मंदिरों और घरों में भंडारे भी शुरू हो जाएंगे।

# सूर्य की प्रथम किरण को अर्घ्य देकर किया जाएगा रौद्रनाम नव संवत्सर का स्वागत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** नवसंवत्सर स्वागोत्सव महोत्सव में सूर्य की प्रथम रश्मि को अर्घ्य देकर रौद्रनाम नव संवत्सर का स्वागत किया जाएगा। नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष की भांति नवसंवत्सर स्वागोत्सव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

रौद्रनाम नवसंवत्सर स्वागतोत्सव आज 19 मार्च गुरुवार को जल विहार में प्रातः 4:40 बजे संकीर्तन यात्रा, प्रातः 4:45 बजे गीत ज्योति कलश छलके, प्रातः 5:01 बजे दीप प्रज्वलन एवं गुड़ी पूजन, प्रातः 5:15 बजे सर्वधर्म प्रार्थना-जैन वाणी, सूर्य स्तुति, प्रातः 5:18 बजे सुप्रभात गायन, प्रातः 5:21 बजे निवेदन गीत- इतनी शक्ति हमें देना, प्रातः 5:31 बजे संकल्प गीत- हम करें राष्ट्र आराधन, प्रातः 5:36 बजे शहनाई वादन-गजानन वारूडे, बुरहानपुर, प्रातः 6 बजे बांसुरी वादन- रवीन्द्र कुलश्रेष्ठ ग्वालियर, प्रातः 6:10 बजे तुरही वादन, मंत्रोच्चारण, प्रातः 6:24 बजे सूर्य अर्ध्य, प्रातः 6:35 बजे शुभकामना संदेश महापौर द्वारा, प्रातः 6:45 बजे आगोमोनी, प्रातः 7:00 बजे लोक वाद्य कचहरी, प्रातः 7:20 बजे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रातः 8:30 बजे वंदेमातरम की प्रस्तुति दी जाएगी।

**लोक कला महोत्सव की प्रस्तुति सायं को**

इसके साथ लोक कला महोत्सव का आयोजन गुरुवार 19 मार्च को जल विहार में सायं 6 बजे दीप प्रज्जवलन, सायं 6:10 बजे ध्येय गीत, सायं 6:20 बजे लोक दीपिका पुरोहित भोपाल, सायं 6:50 बजे नाटक- नवसंवत्सर-वन्दे मातरम समूह, सायं 7:30 बजे लोक गायन बुन्देली-वासुदेव पुरोहित दतिया, सायं 8 बजे लोक नृत्य बधाई, नौरता- सुधीर तिवारी, सायं 8:30 बजे विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं 9 बजे वंदे मातरम की प्रस्तुति दी जाएगी।

# पांच दिवसीय हनुमत जन्मोत्सव 31 से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** संकट मोचन हनुमान बालाजी धाम मंदिर गोलपाड़ा पर पांच दिवसीय हनुमत जन्मोत्सव 31 मार्च को रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ के साथ शुरू होगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भगवान को 56 भोग का प्रसाद भी लगाया जायेगा।संकट मोचन बालाजी धाम मंदिर गोलपाडा के जगबीर दास ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन हनुमान बालाजी धाम मंदिर गोलपाड़ा पर हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाया




जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम दिन 31 मार्च मंगलवार को प्रातः 10 बजे से रामचरितमानस (अखंड रामायण) का पाठ प्रारंभ होगा। वहीं 1 अप्रैल बुधवार शाम 5:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ शाम 7:30 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 2 अप्रैल गुरुवार प्रातः 4 बजे मूर्ति स्वरूप हनुमान जी महाराज का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा और चोला चढ़ाकर श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही 8 बजे प्रभु हनुमान जी महाराज को छप्पन प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया जाएगा। दो अप्रैल की शाम 6: 00 बजे कोटेश्वर मंदिर से विशाल राम हनुमान रथ यात्रा निकाली जावेगी जिसका मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा पूजन कराकर रवाना किया जावेगा। राम हनुमान रथ यात्रा का समापन . रात्रि 8:00 बजे इंटक् कार्यालय मैदान हजीरा पर होगा। जहां राम हनुमान रथ पर सवार राम लक्ष्मण जानकी और हनुमान जी के स्वरूप की आरती सांसद ग्वालियर भारत सिंह कुशवाह द्वारा उतारी जायेगी। 3 अप्रैल शुक्रवार को रात्रि 8:00 बजे पीयूष शास्त्री द्वारा विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ किया जायेगा।

# कंटेनर और कार की भिड़ंत में दो की मौत, एक घायल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** आगरा से भोपाल जाने के लिए निकले कार सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। इसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है जिसका ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। हादसा घाटीगांव थाना क्षेत्र के

### आगरा से सुबह 4 बजे कार में कांच की शीशियां लेकर निकले थे, घाटीगांव के सिरसा गांव के पास हुआ हादसा

सिरसा गांव के पास हाइवे पर मंगलवार सुबह 8 बजे हुआ। कंटेनर की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे लोग बुरी तरह से फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की मौत अस्पताल में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर, कंटेनर जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है।

सोहेल खान निवासी इस्लाम नगर टेड़ी बगिया एत्माद्दोला,





आगरा, सलमान खान, मोहम्मद यूसुफ खान तथा आशिक उस्मानी कार नम्बर यूपी 80जीए-1120 से भोपाल जाने के लिए निकले थे। सुबह चार बजे इन लोगों ने कार में कांच की पेटियां पैककर रखीं और भोपाल के लिए चल दिए। घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिरसा गांव के पास हाइवे पर सामने से आ रहे कंटेनर नम्बर यूपी 25 जेटी-5251 के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया, जिसने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे लोग बुरी तरह से फंस गए। हादसा होने के बाद गांव वासी व हाइवे से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों की मदद की।

### जेसीबी बुलानी पड़ी

यूसुफ व सलमान खान गाड़ी में आगे बैठे हुए थे। कंटेनर की टक्कर के बाद दोनों गाड़ी में बुरी तरह से फंस गए। जब उन्हें किसी भी तरह बाहर नहीं निकाला जा सका तो गाड़ी काटने के लिए जेसीबी बुलानी पड़ी। जेसीबी की मदद से गाड़ी में फंसे हुए मोहम्मद यूसुफ व सलमान खान को बाहर निकाला गया। कार से बाहर निकालने के बाद सलमान खान की नब्ज चेक की तो उसकी मौत हो गई थी, जबकि मोहम्मद यूसुफ ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में सोहेल खान तथा आशिक उस्मानी घायल हुए हैं। सोहेल खान को अस्पताल में इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

### आगरा में हुआ अंतिम संस्कार

हादसे में काल का शिकार बने सलमान खान व मोहम्मद यूसुफ की मौत होने की जानकारी परिजनों को दी गई तो वह ग्वालियर आए और जेएएच के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए। शवों को परिजन शाम को ही आगरा ले गए जहां बुधवार सुबह दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। दो युवकों की हादसे में मौत से पूरा गांव शोक में है

### इनका कहना है कि..

अभी तक की जांच में यह बात सामने आई कि हादसा कंटेनर चालक की लापरवाही से हुआ। संभवतः कंटेनर के चालक को नींद का झोंका आ गया इसलिए यह हादसा हुआ। दोनों युवकों की मौत के बाद उनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। मामले की जांच जारी है।

**पूरन शर्मा, टीआई, थाना घाटीगांव**



# इफ्तार पार्टी में जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** चंद्रवदनी नाका स्थित संस्कार गार्डन में रमजान के पवित्र माह के अवसर पर बुधवार शाम मुस्लिम समाज द्वारा सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले सभी लोगों ने एकजुट होकर नमाज अदा की, जिसके बाद रोजा खोला गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, हज कमेटी के चैयरमेन रफत वारसी एवं ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतीश सिकरवार, भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मुस्लिम समाज के लोगों को रमजान की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं तथा आपसी रिश्तों को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता मोहसिन बेग, आलम खान, मोहम्मद इरशाद खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का वातावरण देखने को मिला।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में प्रस्तावित दरों में हुआ संशोधन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अचल संपत्तियों की गाइडलाइन को लेकर प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित कलेक्टर गाइडलाइन पर आमजन एवं क्रेडाई एवं विभिन्न विभागों की 30 आपत्तियों पर निर्णय लिया गया। साथ ही सभी की सहमति से दरों पर निर्णय लिया गया। बैठक में



निर्णय लिया गया है कि ग्राम डोंगरपुर में प्रस्तावित गाइडलाइन दर 45,000 को घटाकर 42,000 रुपये किया गया। जबकि ग्राम खुरेरी में प्रस्तावित 15,000 की जगह 13,000 रुपये की दर तय की गई। इसी प्रकार ग्राम नैनागढ़ ओरिया पार्क और रिवेरा ग्रीन दोनों की दर 35,000 रुपये की गई है। बैठक में वरिष्ठ जिला पंजीयक श्री अशोक शर्मा, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रदीप सिंह तोमर, टीएंडसीपी से श्री के.के. कुशवाहा सहित हाउसिंग बोर्ड और उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विक्रमोत्सव-2026 का आयोजन आज

**ग्वालियर 18 मार्च.** भारतीय नववर्ष चैत्र शुल्क प्रतिस्पर्धा विक्रम समवत् 2083 के शुभारंभ अवसर पर विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन प्रदेश भर में होगा। ग्वालियर जिले का जिला स्तरीय समारोह 19 मार्च को प्रातः 10 बजे से नगर निगम के बाल भवन सभागार में आयोजित होगा। समारोह में गणमान्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में नववर्ष के शुभारंभ का महोत्सव मनाया जायेगा। समारोह में सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सूर्य को अर्क देकर सूर्य देवता की आराधना कर सभी की खुशहाली की कामना की जायेगी।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 02 ग्वालियर**

**ई-मेल : mpphcchambalmp@gmail.com**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्र. 02, ग्वालियर द्वारा निविदा क्रमांक 14/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2026_MPPHC_ 491490_1, 2026_MPPHC_ 491491_1 एवं निविदा क्रमांक 15/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 2026_MPPHC_491492_1, आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124945/2026 **परियोजना यंत्री**


## बंदी सुरेश की मृत्यु की जाँच प्रचलन में, 02 अप्रैल तक साक्ष्य माँगे

**ग्वालियर 18 मार्च।** केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहे बंदी सुरेश पुत्र नारायण सिंह बुंदेला निवासी अकबरपुर पहाड़िया थाना क्षेत्र पुरानी छावनी जिला ग्वालियर की मृत्यु गत 11 मार्च को लगभग 5.35 बजे हो गई थी। बंदी सुरेश की मृत्यु की जाँच जेएमएफसी ग्वालियर मानसी बालूजा द्वारा की जा रही है। सुरेश की मृत्यु की घटना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र व साक्ष्य प्रस्तुत करना है तो यह साक्ष्य आगामी पेशी 02 अप्रैल तक जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर ग्वालियर में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

# पीएफ सदस्यों के यूएएन लिंक बैंक खातों में डीबीटी सुविधा सक्रिय करायें

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** सत्य वर्धन गौतम, क्षेत्रीय आयुक्त, ग्वालियर द्वारा जानकारी दी गई कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में भविष्य निधि से संबंधित प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के लाभों का भुगतान आधार आधारित है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि उनका बैंक खाता आधार से लिंक एवं डीबीटी के लिए सक्रिय हो।



सभी भविष्य निधि सदस्यों को यह अवगत है कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रावधानों का लाभ उठाने के लिए, यदि किसी लाभार्थी योजना पात्रता पर प्रथम बार नियुक्त होता है, तो उसे अपने यूएएन के साथ अपने आधार बेस्ड फेस ऑथेंटिकेशन चेहरा प्रमाणीकरण को करना अनिवार्य है। ऐसे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 1 अगस्त 2025 के बाद की है, वे इस योजना के लाभ प्राप्त करने हेतु यह करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यदि आपका बैंक खाता डीबीटी के लिए सक्रिय नहीं है, तो कृपया शीघ्र अपने बैंक से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें।

साथ ही, अपने यूएएन पोर्टल पर बैंक खाते का विवरण सही एवं अद्यतन रखें। आधार सत्यापन (केवायसी) की प्रक्रिया भी पूर्ण कर लें ताकि लाभों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो।डीबीटी खाता सक्षम न होने की स्थिति में भविष्य निधि से संबंधित भुगतान में विलंब / असुविधा हो सकती है।अधिक जानकारी हेतु कर्मचारी अपने निकटतम ईपीएफओ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या आधिकारिक वेबसाइट देखें।

## बस स्टैंड पर वारदात की फिराक में खड़ा शातिर बदमाश गिरफ्तार

ग्वालियर। हजीरा पुलिस को सूचना मिली थी कि मऊ-जमाहर पुल के पास बस स्टैंड गेट पर एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर अरविंद रजक (32 वर्ष), निवासी आंतरी को दबोच लिया। हथियार और औजारों का जखीरा बरामद किया गया.

# होमगार्ड सैनिक की बर्खास्तगी हाईकोर्ट ने की खारिज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 मार्च.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक होमगार्ड सैनिक को सेवा से हटाने की कार्यवाही को गलत ठहराते हुए उसकी बर्खास्तगी का आदेश खारिज कर दिया हे। हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल आपराधिक मामले में चालान पेश होने के आधार पर अधिकतम दण्ड देना नियमों के विरूद्ध है। हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारी को 30 दिन के अन्दर नया निर्णय लेने का निर्देश दियाहै।

यह प्रकरण हेमंत योगी से संबंधित है जो जिला कमांडेंट कार्यालय गुना में होमगार्ड सैनिक के रूप में तैनात था। उनके खिलाफ पारिवारिक विवाद के चलते दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी थी। जांच के बाद चालान पेश होने पर 27 जनवरी 2026 को सेवा से मुक्त कर दिया गया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी।

हाईकोर्ट ने अपने अवलोकन में पाया कि सेवा समाप्ति के आदेश में नियम 24 के तहत दंडात्मक कार्रवाई का उल्लेख था। हालांकि, संबंधित अधिकारी ने न तो आरोपों की गंभीरता पर विचार किया और न ही याचिकाकर्ता के जवाब को उचित तरीके से देखा।

अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल एफआईआर या चालान के आधार पर किसी को सेवा से हटाना स्वतः सिद्ध नहीं माना जा सकता। प्राधिकारी के लिए आरोपों की प्रकृति और परिस्थितियों का मूल्यांकन करना आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी बताया कि नियम 27 के तहत कार्रवाई करने के लिए उच्च अधिकारी की स्वीकृति और निर्धारित प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है, जो इस मामले में पूरी नहीं की गई थी।


**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

प्र.क्र 111/25, 127/25, 134/25, 136/25, 150/25, 168/25×6/4/विद्युत दिनांक 17/03/2026

**ई- निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_ 477601_2 dated 16-03-26 | providing supplying Erection testing & Commissioning of pole & light at kedarpur file No. 111/25x6/4 | 60 days 12,71,111/- | 2,000/- Rs. 9,534 | 02-04-2026 |
| 2. | 2026_UAD_ 477235_3 dated 16-03-26 | providing supplying Erection testing & Commissioning of pole at ward samiti 08 (ward 37 ) file No. 127/25x6/4 | 60 days 68,840.5/- | 1,000/- Rs. 1,377/- | 02-04-2026 |
| 3. | 2026_UAD_ 479215_2 dated 16-03-26 | providing supplying Fixing testing & Commissioning of water cooler ward samiti 05 file No. 134/25x6/4 | 45 days 860866/- | 2,000/- Rs. 8,609/- | 02-04-2026 |
| 4. | 2026_UAD_ 479245_2 dated 16-03-26 | providing supplying of Led 70 watt of ward samiti 05, (ward 18, 21) file No. 136/25x6/4 | 60 days 928200/- | 2,000/- Rs. 9,282/- | 02-04-2026 |
| 5. | 2026_UAD_ 478944_2 dated 16-03-26 | providing supplying of Led 70 watt of ward 54 file No. 150/25x6/4 | 60 days 1,05,887/- | 1,000/- Rs. 2,118/- | 02-04-2026 |
| 6. | 2026_UAD_ 477588_2 dated 16-03-26 | providing supplying of Led 70 watt of ward samiti 11 file No. 168/25x6/4 | 60 days 2,54,075/- | 2,000/- Rs. 2,541/- | 02-04-2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है

Ro. क्र. 175 दि. 18/03/26

**सहायक यंत्री ( विद्युत )**
**नगर पालिक निगम ग्वालियर**



**नवभारत**

**आवश्यकता है**

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **ग्वालियर** संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

**रिपोर्टर**
(2 वर्ष का अनुभव एवं स्नातक)

**डीटीपी ऑपरेटर**
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

**सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव**
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)

नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।

संपर्क करें

**कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर**

**( सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)**

**9479319990**

**navabharatgwalior@gmail.com**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95